# धनास से तोगां तक 1 किमी. की रोड बनेगी, कुराली का सफर 12 किलोमीटर होगा कम

## 18 एकड़ जमीन होगी एक्वायर, किसानों को मिलेंगे प्रति एकड़ 5 करोड़ रुपए

**चंडीगढ़** | चंडीगढ़ से कुराली तक का सफर अब 12 किलोमीटर कम हो जाएगा। चंडीगढ़ में दक्षिण मार्ग में धनास से तोगां को जोड़ने वाली नई रोड का रास्ता साफ हो गया है। फाइनेंस डिपार्टमेंट की तरफ से नोटिफिकेशन जारी कर इस रोड के लिए जमीन एक्वायर करने का प्रोसेस शुरू कर दिया गया है। 18 एकड़ जमीन को एक्वायर किया जाएगा। इसके लिए पंजाब यूनिवर्सिटी से सोशल इंपैक्ट असेस्मेंट करवाई जाएगी। इससे पहले जमीन की कीमतों पर सहमति नहीं बन पा रही थी। जमीन मालिकों को करीब 2.50 करोड़ रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जा रहा था, जो अब प्रशासक से मीटिंग के बाद करीब 5 करोड़ कर दिया गया है।

### • 200 फुट चौड़ी होगी सड़क

धनास के सामने से गांव तोगां तक ये एक किलोमीटर का करीब 200 फुट चौड़ा रोड बनाया जाएगा। यह सड़क गांव तोगां तक बने न्यू चंडीगढ़ (मुल्लांपुर) वाले सिक्स लेन से मिल जाएगी। धनास मार्बल मार्केट के पास से वाया तोगां होते हुए बूथगढ़ टी पॉइंट से कुराली निकला जा सकेगा। इससे कुराली की तरफ जाने के लिए लोगों एक और ऑप्शन मिल जाएगा। यह सफर चंडीगढ़ बस स्टैंड से करीब 12 किलोमीटर शॉर्ट हो जाएगा। गांव तोगां से बूथगढ़ टी पॉइंट तक करीब 6 किलोमीटर रोड बनी हुई है। वहां से कुराली तक 10 किलोमीटर भी बन चुकी है। बूथगढ़ से बद्दी 13 किलोमीटर पड़ेगी। एक किलोमीटर की रोड न बनने के कारण यह रूट बंद था।

### • 6 महीनों में पूरी करनी है सोशल असेस्मेंट...

धनास की 5.57 एकड़ जमीन और डड्डूमाजरा की करीब 12.23 एकड़ जमीन इसके लिए एक्वायर की जाएगी। इसके लिए सेंटर फॉर इंडस्ट्री इंस्टीट्यूट पार्टनशिप प्रोग्राम को सोशल इंपैक्ट असेसमेंट करनी है, जिसके लिए 6 महीने का टाइम दिया गया है। इसमें उन परिवारों की संख्या देगी जाएगी जो लैंड एक्वायर होने से प्रभावित होंगे। साथ ही ये भी देखेंगे कि कोई अल्टरनेट जगह एक्वायर करने के लिए हो सकती है।